डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 19 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## आज सीएम मंदसौर में

### करेंगे मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन



**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल करेंगे। मंदसौर मेडिकल कॉलेज के साथ ही नीमच मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन एक साथ होगा। इसी सत्र से मंदसौर- नीमच का मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुका हैं। आज मंगलवार 29 अक्टूबर धन तेरस के दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिये मंदसौर आ रहे हैं। वे यहां पर भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर में पुजा अर्चना करेंगे और यहां चल रहे पशुपतिनाथ लोक निर्माण का अवलोकन भी करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज मेडिकल कॉलेज के उद्घघाटन की तिथि .... **शेष पेज 2 पर**




# बढ़ती कीमत को वजन से कर रहे सेट..?

## दामों का अंतर बता रहा मिलावट का खेल

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कोरोना के बाद महंगाई जरूर बढ़ी है। लेकिन, आमदनी में महंगाई के मुकाबले खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। अब इसका असर दीपावली पर देखने को मिल रहा है। व्यापारियों के मुताबिक लोग कीमत को वजन में सेट कर रहे हैं। मतलब मिठाई हो या नमकीन कम मात्रा में सामग्री ले रहे हैं। इधर दीपावली पर मिलावटखोर सक्रिय है। इसका प्रमाण दे रहे हैं खाद्य सामग्री में अंतर। जहां सामग्री में साढ़े तीन सौ रुपए किलो तक का फर्क आ रहा है। यहां यह बात भी गौर करने वाली है कि तेल और अन्य सामग्री के भाव



बढ़ने के बाद भी दाम नहीं बढ़ाए गए है। जबकि, प्रतिष्ठित दुकानों पर तेल के भाव बढ़ने के साथ ही नमकीन के भाव में इजाफा किया गया है।

### जुर्माना भर के छूटने का प्रावधान...

दिवाली के मौके पर आठ सौ से बारह सौ रुपए प्रति किलो तक बिकने वाली काजू कतली में मूंगफली की मिलावट की जा रही है। मावे में आलू और आटे की मिलावट हो रही है और इसी से बनी मिठाई दुकानों में बिकने के लिए तैयार है। बेसन में मक्के का आटा मिलाया जा रहा है। प्रदेश में अन्य जगहों पर खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने अलग-अलग दुकानों से जो सैंपल लिए हैं, उनमें इसी तरह की मिलावट पाई गई है। दरअसल, ये मिलावटखोरों की नई तरकीब है। वे खाद्य पदार्थों में केमिकल या सिंथेटिक पदार्थ मिलाने के बजाय घटिया स्तर के खाद्य पदार्थों र्की मिलावट कर रहे हैं। ऐसा कर वे कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं। दूसरी तरफ ये मिलावट लोगों की सेहत को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। इसलिए सैंपल अमानक पाए जाने पर भी केवल जुर्माना भर कर छूट जाते हैं।

### इन बिंदुओं पर तय होता है जुर्माने और सजा का प्रावधान...

✻ कितनी मात्रा में या किस स्तर पर मिलावटी सामग्री का निर्माण किया गया। ✻ किसी खाद्य पदार्थ में अनफेयर मिलावट कितनी की गई है। ✻ मिलावटकर्ता ने मिलावट से कितना अवैध फायदा कमाया है। ✻ मिलावटकर्ता ने ऐसा अपराध पहली बार किया या बार-बार किया है। ✻ केमिकल या अखाद्य पदार्थ की मिलावट: खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 51 के तहत यदि सैंपल में केमिकल या अखाद्य पदार्थ की मिलावट पर सजा के अलग-अलग प्रावधान है। ✻ किसी को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा: तीन महीने की सजा और एक लाख रुपए का जुर्माना। ✻ किसी को अस्थाई शारीरिक नुकसान या मामूली क्षति: एक साल की सजा और तीन लाख रुपए का जुर्माना। ✻ किसी व्यक्ति को गंभीर क्षति पहुंचती है या स्थायी नुकसान: 6 साल की सजा और पांच लाख रुपए का जुर्माना। ✻ किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की मृत्यु होने पर: कम से कम सात साल या आजीवन कारावास की सजा।

### मिलावट पर यह है जुर्माने और सजा का प्रावधान...

खाद्य पदार्थों र्की मिलावट खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 51 के तहत सैंपल में मिलावट पर पांच लाख रुपए जुर्माने से लेकर एक साल तक की सजा का प्रावधान है।

### इस तरह से कीमत में बढ़ा अंतर...

अलग-अलग संस्थानों में आ रहा कीमत का अंतर कहीं न कहीं मिलावट का अंदेशा कर रहा है। उदाहरण के लिए प्रतिष्ठित दुकानों पर काजू कतली के दाम 1100 रुपए किलो हैं। जबकि, कई जगहों पर यह 750 रुपए किलो बेची जा रही है। इसी तरह से नमकीन की बात करें तो दो सौ से दो सौ तीस रुपए किलो नमकीन कई जगहों पर मिल रहा है। जबकि, प्रतिष्ठित संस्थानों पर इसके दाम 280 से तीन सौ रुपए किलो से भी ज्यादा है। यही स्थिति गुलाब जामुन, बादाम कतली सहित अन्य मिठाईयों की है।

### इस तरह से लोगों ने किया महंगाई को मेंटेन...

महंगाई को कम सामग्री लेकर लोग मेंटेन कर रहे हैं। उदाहरण के लिए पिछले साल 230 से ढाई सौ रुपए किलो नमकीन था। इस बार तेल के दाम बढ़ने के साथ इसकी कीमत 280 से अधिक हो गई है। लोग ढाई सौ रुपए देकर करीब सौ ग्राम कम नमकीन लेकर ही संतुष्ट है। इसी तरह से मिठाईयों और अन्य खाद्य सामग्री में वजन कम लेकर महंगाई को मेंटेन किया जा रहा है।

# विवाद के बाद चली गोली, एक की मौत, आधा दर्जन घायल



**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। आज मंगलवार को मुख्यमंत्री मंदसौर आएंगे। इसके एक दिन पहले सोमवार को वायडी नगर थाना क्षेत्र में हुए विवाद के दौरान फायरिंग हुई। जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलो में एक महिला भी शामिल है। घायलों को बड़े अस्पताल भर्ती कराया गया है। विवाद के दौरान लाठी डंडे और तलवारें भी चली।**

पुलिस ने बताया कि मुल्तानपुरा निवासी अफजल मथारिया और आबिद नियारगर दोनों के खेत आसपास हैं और उनके बीच पुराना जमीन विवाद भी चल रहा है। इसी बीच सोमवार दोपहर पशु के घुसने पर दोनों पक्ष में एक बार फिर विवाद हो गया। इस दौरान दोनों के परिजन भी आ गए और लाठी-डंडे, तलवार से मारपीट करने लगे। इस दौरान एक पक्ष ने फायरिंग भी कर दी। बताया जा रहा है कि अफजल उसके बेटे शेजाद और इनके एक साथी गोपाल ने फायरिंग की, इसमें आबिद की मौत हो गई। वहीं, उसकी पत्नी अनीसा बी घायल हो गई। दूसरे पक्ष में रफीक, अफरोज बी, शाहरुख और राजू घायल हैं, जिनका उपचार बड़े अस्पताल.. **शेष पेज 2 पर**












# मंदसौर को मिलने वाली सौगात खटाई में ना पड़ जाय...

**✻ पीएम-सीएम से अवैध मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करवा रहा प्रशासन..?**
**✻ टीएनसी से बिल्डिंग बनने के बाद मांगी अनुमति, विभाग ने किया आवेदन निरस्त..?**

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** **भारतीय संविधान में यूं तो नियम कायदे सबके लिए बराबर है। लेकिन, आमजन बगैर अनुमति निर्माण करें तो वो अवैध की श्रेणी में आता है और पूरा प्रशासनिक अमला उसके यहां बुलडोजर लेकर पहुंच जाता है। लेकिन, ठीक इसके विपरित प्रशासन और सरकार खुद अवैध काम करें तो उसे विकास के नाम पर नियमों को तांक पर रखने की छूट प्राप्त हो जाती है। ऐसे में आमजनता के मन में ये सवाल आता है कि लोकतंत्र में नियम सबके लिए बराबर क्यूं नहीं है।**

यहां बात कर रहे हैं मंदसौर में नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए मेडिकल कॉलेज की। जिसका आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल लोकार्पण करेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। लेकिन, दोनों वरिष्ठनेताओं से प्रशासन मेडिकल कॉलेज की अवैध बिल्डिंग का लोकार्पण करवा रहा है। जबकि, बिल्डिंग निर्माण के बाद अनुमति के लिए टीएनसी विभाग को आवेदन दिया गया, जिसे विभाग ने खारिज कर दिया।

### मेडिकल कॉलेज की सौगात, बड़ी उपलब्धि...

मंदसौर को जो मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है। ये बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए लंबे समय से क्षेत्र के लोगों ने लड़ाई लड़ी और खुद जनप्रतिनिधि भी लगातार प्रयास करते रहें। लेकिन, कॉलेज निर्माण से पूर्व पीआईयू और ठेकेदार ने जरूरी अनुमति नहीं ली। ऐसे में अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। भविष्य में महू-नीमच फोरलेन मार्ग 6-लेन का स्वरूप लेगा। जानकारों की माने तो मुख्य मार्ग के सेंटर से 75-75 मीटर की दूरी पर कोई निर्माण नहीं होना चाहिए। इसका भी ध्यान नहीं रखा गया हैं।

### इनका कहना...

मंदसौर जिले में मेडिकल कॉलेज की सौगात और आज इसका लोकार्पण होना बहुत की खुशी की बात है। हम तो यही चाहेंगे की स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले को लगातार उच्च सुविधाएं मिले। प्रशासनिक स्तर पर बिल्डिंग निर्माण के लिए अनुमति नही लेना बड़ी चूक है। इसका ध्यान रखा जाना चाहिए था।

**सुभाष सोजतिया**
**पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मप्र**



# क्रोध, लोभ, ईर्ष्या व अहंकार त्यागने से जीवन सुखयमय बनेगा

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.रविन्द्र जोशी ने कहा कि क्रोध, लोभ, ईर्ष्या व अहंकार स्वास्थ्य व शांति के शत्रु है। इनका त्याग करने से ही तनाव मुक्ति प्राप्त होती है। आपने कहा कि सीमित आहार और सतत गतिशीलता स्वास्थ्य के सूत्र है।मनोबल ऊँचा रखने से उम्र वृद्धावस्था में पीड़ा नही देती, जब तक जीवन है तब तक सक्रीय रहने का संकल्प जारी है। प्रमुख वक्ता प्रकाश रातडिया ने कहा कि जैसा खाए अन्न, वैसा होवे मन की उक्ति जीवन का सत्य है। प्राकृतिक, सात्विक व संतुलित आहार शरीर को स्वस्थ, मन को पवित्र व अवधारणा को अध्यात्म से ओतप्रोत बनाये रखने मे सहायक है। आपने कहा कि ईमानदारी से कमाई की रोटी संतुष्टि प्रदान करती है। भीष्म पितामह ने मृत्यु सय्या पर कहा था की जब तक उनकी रगों में अन्यायी दुर्योधन के आहार का खून दोड रहा था तब तक उनकी बुद्धि कुंठित रही किन्तु जब उससे मुक्ति मिली तो निर्मलता आईण् आदर्श श्रावक पूर्णिया की पत्नी पड़ोसी से बिना पूछे अंगारी ले आई थी तो उस इधन से बना भोजन मन को कलुषित करने लगाणअन्न की पवित्रता की जीवन में बड़ी भ्युमिका हैण् हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि संतोष ही सचा सुख है। जब कोई धन सम्पदा की अंधी दौड मे लग जाता है तो वह जीवन के आनंद से वंचित हो जाता है। श्री बाबूलाल जैन, श्री राजकुमार जसवंत, श्री यशवंत प्रजापति, श्री शांतिलाल सोनी, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री जगन्नाथ थोरेचा ने विचार, गीत व भजन प्रस्तुत किये। श्री लक्ष्मीनाराण कोठारी, श्री रमेशचन्द्र त्रिपाठी, श्री कन्हैयालाल पण्ड्या, श्री प्रीतमसिंह चंदवानी, श्री नरेन्द्रपालसिंह राणावत, श्री भेरूलाल पटेल, सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री हरेन्द्र सेंगर ने संवाद मे सहभागिता की। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने गतिविधियो की जानकारी दी। आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने स्वागत किया। संचालन श्री कृष्णकुमार जोशी ने एवं आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

## ट्रक ड्राइवर ने टक्कर के बाद फंसी बाइक को 300 मीटर तक घसीटा

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बही टोल पर मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद बाइक ट्रक के नीचे फस गई, जिसे ड्राइवर ने करीब 300 मीटर तक घसीटा। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर 3.30 बजे करीब कुकडेश्वर निवासी गोकुल गुर्जर (60) अपनी पत्नी सुदीकुंवर के साथ बाइक से मंदसौर से कुकड़ेश्वर की ओर जा रह थे। इसी दौरान बही टोल के निकट एक आइशर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दम्पत्ति उछलकर साइड में गिर गए। ट्रक के बीच में बाइक फस गई, ड्राइवर करीब 300 मीटर दूरी तक बाइक को घसीटता हुआ ले गया। जिसे बाद में ट्रक रोककर बाहर निकाला। दुर्घटना में घायल दम्पत्ति को एबूलेंस से मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

## नशे में दम्पति से मारपीट, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में टकराया और मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पामाखेड़ा निवासी भूरालाल पिता कचरुलाल नायक ने बताया कि गांव में मांगलिग भवन पर तेजा बावजी की कथा सुनने के बाद पत्नी के साथ रात्रि में घर जा रहा था। इस दौरान स्कूल के सामने गोविन्द पिता भगतराम बावरी मुझसे टकरा गया। मैंने देखकर चलने की बोला तो गाली-गलौज कर मारपीट की। मेरी पत्नी के साथ भी झूमा-झटकी की। पुलिस ने गोविन्द पर केस दर्ज किया।

# तथाकथित अभिशप्त समाजों का स्वाभिमान और पुरुषार्थ के साथ जीवन बदल रहा

**जाबाली कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बांछड़ा, कंजर समाज की 24 टीमों ने भाग लिया, प्रभारी मंत्री ने किया पुरस्कृत**

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के तत्वाधान में नूतन क्रिकेट स्टेडियम में जाबाली कप क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई। 20 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक इस प्रतियोगिता में बांछड़ा और कंजर समाज के युवाओं की 24 टीमों ने भाग लिया। फायनल मेच परवलिया की टीम ने जीता। जबकि उपविजेता पिपलिया जोधा की टीम रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया सम्मिलित हुई।अध्यक्षता मालवांचल के वरिष्ठ समाजसेवी आचार्य पेटलावद से आए श्री अनोखीलाल मेहता ने की। इस आयोजन में विशिष्टऔर विशेष अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज कुमार सिंह, महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश चंदवानी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश काला, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, प्रांत संयोजक घुमंतू कार्य मालवा प्रांत कैलाश पटेल सहसंयोजक चेनराम जैन, विभाग प्रचारक दशरथ



सिंह झाला, जिला कार्यवाह रामेश्वर धाकड, नगर संघचालक विकास आचार्य आदि मंचासीन थे। जिला कलेक्टर अदिति गर्ग और जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद भी समापन समारोह में सम्मिलित हुए।

अतिथियो के हाथों विजेता टीम परवलिया को 31000 रुपए नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई इस पुरस्कार की प्रयोजना बंसीलाल धनगड़ ने की, उप विजेता पिपलिया जोधा की टीम को 11000 रूपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई इस पुरस्कार की प्रयोजना स्व. खेमचंद चंदवानी ट्रस्ट के द्वारा की गई। मैन ऑफ़ द मैच और मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार परवलिया की टीम के खिलाड़ी आकाश को दिया गया जबकि बेस्ट बैटसमैन पिपलिया जोधा टीम के खिलाड़ी बापू बेस्ट बॉलर भी पिपलिया जोधा टीम के अर्जुन भाटी और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार परवलिया के टीम के खिलाड़ी मनोज को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने इस टूर्नामेंट के आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से परिवर्तन लाने का यह प्रयोजन वास्तव में अभिनंदनीय है, रवि प्रताप सिंह बुंदेला और उनकी पूरी सहयोगी टीम बधाई की पात्र है जो यह बहुत ही नेक काम कर रहे हैं। वंचित समाज को समाज के मुख्य धारा से जोड़ रहे हैं। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि विगत 5 वर्षों र्से क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से उन समाजों के युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिनका समाज तथा कथित अवधारणाओं के चलते बदनामी की गर्त में था किंतु अब बड़े ही गर्व और स्वाभिमान से यह समाज मुख्य धारा से जुड़े हैं। प्रतियोगिता के सूत्रधार रवि प्रताप सिंह बुंदेला ने कहा कि मंदसौर जिले और मालवा प्रांत में बांछड़ा, कंजर, कालबेलिया सिकलीकर ऐसे अनेक समाज हैं जो किन्हीं कुप्रथाओं के चलते अभिशप्त थे।किंतु विगत 5 वर्षों र्से प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के द्वारा इन समाजों को इनकी आराध्य देवी मां जोगणिया के नाम से स्थापित जाबाली कप क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है और मुझे इस बात की खुशी है कि यह सभी समाज तेजी से अपनी पुरानी पहचान को छोड़कर स्वाभिमान और पुरुषार्थ के नए जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेक युवाओं को पुलिस भर्ती में शामिल किया गया है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से समाज में जिस परिवर्तन की आवश्यकता है वह परिवर्तन परिणाम के रूप में सामने दिख रहा है यह बहुत सुखद है।रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह वास्तव में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। इन समाजों के युवाओं को पुलिस विभाग में वरीयता के साथ स्थान दिया जाएगा। आरंभ में अतिथियों ने मां जोगणियामाता जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत सर्वश्री विनोद मेहता, यशोधर्मन गुप्ता एडवोकेट, देवीलाल सुनार्थी, राधेश्याम लोहार, रूप देव सिंह सिसोदिया, राधेश्याम बैरागी, गुमान कच्छावा, विजय सुराणा, बंसीलाल धनगढ, नवीन खोखर, बंटी दायमा, वासुदेव धनगर, डॉ.राजमल राठौर, मुकेश दायमा, ब्रजेश मारोठिया, विक्की चौहान, राजू गौड़ ने किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 कार्यकर्ताओं की टीम ने रात दिन परिश्रमपूर्वक इसे सफल बनाया। इन सभी कार्यकर्ताओं का परिचय श्री विनोद मेहता ने दिया। इन्हें सम्मान पाती भी भेंट की गई। इनमें प्रवासी समुदाय प्रांत टोली सदस्य हर्ष तिवारी, मनोज यादव आगर, संजय यादव विजय शर्मा मनासा, कमल आदि प्रमुख थे। समापन समारोह का संचालन वरिष्ठपत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार रूप देव सिंह सिसोदिया ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन और खेल प्रेमी उपस्थित थे। ये जानकारी जबाली कप के संयोजक विनोद मेहता ने दी है।



## राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय के स्केटिंग कोच देवेंद्र बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया की देवास में आयोजित संभागीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दशपुर विद्यालय की दो छात्राएँ सौम्या पिता जितेन्द्र चौहान और अविका पिता पवन सोनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। छात्राओ की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ,प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस ,सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद शर्मा एवं खेल प्रशिक्षक,श्री जयविजय सिंह सिसोदिया, श्री आकाश गाजवा, श्री नवीन खोखर, श्री कुणाल शर्मा एवं श्री भारत सिंह ने बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## वृद्धा को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कुए में पानी की मोटर डालने से मना किया तो वृद्ध महिला को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। खजूरी चन्द्रावत निवासी 70 वर्षीय कमलाबाई पति बगदीराम राव ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि हमारे खेत पर स्थित कुए में विनोद बागरी ने विद्युत मोटर डाल रखी थी, मना किया तो विनोद व उसकी पत्नी ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने विनोद पर केस दर्ज किया।

## आज सीएम मंदसौर में...

पेज 1 से जारी

तय हो गई हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने भी इस कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दे दी हैं। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 29 अक्टूबर को नीमच, मंदसौर और सिवनी में मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। साथ ही 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपए की सहायता राशि ट्रांसफर कर 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेश सहित नीमच, मंदसौर और सिवनी जिले को दीपावली पर यह बड़ी सौगात देंगे। मुख्य कार्यक्रम मंदसौर में होगा। प्रदेश के किसानों को दीपावली के पहले यह राशि मिल जाने से उनके त्योहार की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। मंदसौर, नीमच और सिवनी में मेडिकल कॉलेज खुल जाने से क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी साथ ही प्रदेश के युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिस गति से प्रदेश के जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जा रहे है। आगे आने वाले समय में हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय होगा।

## विवाद के बाद चली गोली...

पेज एक से जारी

में किया जा रहा है। फायरिंग की खबर के बाद पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, एएसपी गौतम सोलंकी सहित तीन थानों के टीआई और पुलिस बल बड़े अस्पताल में तैनात किया गया है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनन्द ने बताया कि मुल्तानपुरा में मुस्लिम समाज के दो लोगों के बीच आपस में विवाद हुआ है। इनका पुराना जमीन विवाद भी चल रहा है। दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हैं। वहीं, आबिद पिता नबीनूर सुसाडिया की सीने में गोली लगने से मौत हो गई।

**यह हुए घायल**–विवाद में मंगतू कागला पिता करीम कागला निवासी मुल्तानपुरा, शाहरुख पिता मंगतू कागला निवासी मुल्तानपूरा, अफरोज पति अप्पू कागला, रियाज पिता मंगतू कागला, अफजल पिता रशीद मथारिया, अनीसा बी पति आबिद घायल हुए है। जिन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है।

# स्त्री के बिना कर्मकांड का पुरुष को अधिकार नहीं-डा.शुक्ला

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कवि भास के रूपकों में नारी पात्र शोध ग्रंथ का हुआ विमोचन कवि भास ने समसामयिक घटनाओं का चित्रण अपने रचना कौशल में किया ,नर शब्द से नारी शब्द की उत्पत्ति हुई स्त्री अबला नारी वधू वामा वनिता महिला आदि सब नारी के ही रूप है प्रत्येक नारी स्त्री है परंतु प्रत्येक स्त्री नारी नही है नारी विपदा में पुरुष का साथ छोड़ती नहीं है उक्त विचार विक्रम विश्वविद्यालय



के पूर्व कुलपति संस्कृत विद डॉक्टर बालकृष्ण शर्मा ने पशुपतिनाथ अतिथि गृह में आयोजित लेखिका साहित्यकार डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव के शोध ग्रंथ कवि भास के रूपको में नारी पात्र के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किये , संस्कृत अध्ययन शाला के आचार्य डॉक्टर केदारनाथ शुक्ला ने इस अवसर पर कहा की स्त्री के बिना पुरुष को यज्ञ अनुष्ठान कर्मकांड का अधिकार नहीं है शिष्टाचार का सौंदर्य नारी है पृथ्वी स्वयं नारी है वेद काल में नारी स्त्री का विमर्श होता रहा , कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन एवम पशुपतिनाथ संस्कृत विद्यालय के आचार्य विष्णु प्रसाद ज्ञानी और वैदिक बटुको ने स्वस्तिवाचन का पाठ किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार व्यंग लेखक तीरथ सिंह खरबंदा ने की आपने कहा कि लेखिका डॉक्टर प्रतिभा श्रीवास्तव का पुरुषार्थ उनकी रचना शोध प्रबंध में झलकता है प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल से श्री नगेंद्र श्रीवास्तव श्री नवांशु श्रीवास्तव श्रीमती प्राची श्रीवास्तव , श्री सौरभ दुबे ने पुष्प गुच्छ देकर किया, अतिथि परिचय श्रीमती सुष्मिता दास डॉ प्रदीप चतुर्वेदी ने दिया, स्वागत भाषण श्री प्रांशु श्रीवास्तव ने दिया इस अवसर पर साहित्यकार और पत्रकार श्री डा घनश्याम बटवाल एवं श्री बृजेश जोशी, वैदिक आचार्य मुकेश आर्य ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री सौरभ दुबे सुश्री स्नेहा स्वास्थ्य सुश्री उदिता मेहता एवं नगर के अनेक साहित्यकारों, सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा लेखिका डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव का अभिनंदन किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ललित नागर ने किया और आभार श्री नवांशु श्रीवास्तव ने व्यक्त किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के साहित्यकार संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे।

# प्रांतीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। विद्या भारती मालवा प्रांत के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर मंदसौर में दिनांक 28 अगस्त 2024 को प्रांतीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे तैराकी टेबल टेनिस और भारोतोल्लन विद्या में 7 विभागो के 90 भैया बहिनों ने भाग लिया।**

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंदसौर विभाग के विभाग समन्वयक श्रीमान राघवेंद्र देराश्री, मुख्य अतिथि शासकीय हॉकी खेल आचार्य श्रीमान वैभव चैरसिया एवम चार्टेड अकाउंटेट सिद्धार्थ अग्रवाल,विद्यालय प्रबंधन समिति प्रो. राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमान नितेश भदादा मंचासिन रहे। अथिति परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान राजपाल सिंह सिसोदिया ने



करवाया। स्वागत विद्यालय के खेल आचार्य श्रीमान आजाद सिंह सोलंकी ने किया। इसके पश्चात टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रभारी खेल आचार्य आजाद सिंह सोलंकी एवम श्रीमान हिमांशु बड़िका की उपस्तिथि में और भारोतोल्लन प्रतियोगिता प्रभारी प्रेम प्रताप सिंह चैहान की उपस्तिथि में विद्यालय में संपन्न हुई । तैराकी प्रतियोगिता नगर पालिका मंदसौर तरणताल में प्रभारी श्रीमान दिनेश जी यादव व श्रीमान कल्पेश सिंह राठौर द्वारा संपन्न करवाई गई। विजेता भैया बहिनों को समापन सत्र में मेडल एवम प्रमाण पत्र देकर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान संतोष जी यादव द्वारा सम्मानित किया गया विजेता भैया बहन क्षेत्रीय प्रतियोगिता में मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे...।

## सामाजिक झगड़े की राशि को लेकर मारपीट

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक झगडे की रकम नही देने पर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। खण्डेरिया मारु निवासी राधेश्याम पिता चम्पालाल गुर्जर ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बेटे दिनेश गुर्जर को लेकर चल रहे सामाजिक झगडे की राशि बालूराम पिता रामलाल गुर्जर ने मांगी तो मैंने बेटे दिनेश गुर्जर से कोई वास्ता नही होने की बात कही। इस पर बालूराम ने गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने केस दर्ज किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर (म.प्र.)

E-mail-eepwdmandsaur0@gmail.com Ph-07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/2024-25/एसएसी/ मंदसौर दिनांक 24.10.2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखीत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _378497_1 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर के अंतर्गत मुख्यालय शाखा के शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर.एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | First | रु.19.97 |
| 2 | 2024_PWDRB _378498_1 | मंदसौर | AR SR MOW | उपसंभाग मंदसौर के अंतर्गत मुख्यालय शाखा के अलावा शासकीय आवासीय एवं अन्य भवनों में ए.आर.एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य | First | रु.19.95 |
| | | | | Total | | रु.39.92 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( mptenders.gov.in ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 08.11.2024 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(EMD only RTGS/NEFT)

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग, मंदसौर

G-18252/24 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मंदसौर (म.प्र.)

दूरभाष कार्यालय-405964 फेक्स-244246 (e-mail: cmomandsaur@mpurban.gov.in)

क्रमांक/3768/मेला/2024 मंदसौर, दिनांक 25/10/2024

### ✻ निविदा सूचना ✻

नगर पालिका परिषद मन्दसौर द्वारा आयोजित होने वाले 62 वॉ भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला आयोजन दिनांक 04 नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है।

उक्त मेले में नीचे वर्णित कार्यो के निविदा दरें आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा दरें वर्णित दिनांक व समय ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है। निविदा सशर्त स्वीकार नही की जावेगी। कार्य की अन्य शर्ते एवं विस्तृत विवरण आदि कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है। दरें समस्त टेक्स सहित देंवे।

| क्रं. | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रस्तुति दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगमंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित करने बाबत। टेण्डर क्रमांक 378783-1 | 100000/- | 04/11/2024 | समय-05:30 सांय |
| 2 | मेले के दौरान स्टेज पर प्रस्तुत होने वाले, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आदि कार्यक्रमों के साथ ही मेले के उद्घाटन समारोह से समापन समारोह तक की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कार्य। टेण्डर क्रमांक 378793-1 | 5000/- | 04/11/2024 | समय-05:30 सांय |
| 3 | कलाकारों को होटल में ठहराना, स्वल्पाहार/भोजन की व्यवस्था इत्यादि द्वितीय आमंत्रण सुचना टेण्डर क्रमांक 374216-1 | 5000/- | 04/11/2024 | समय-05:30 सांय |
| 4 | सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने बाबत। टेण्डर क्रमांक 378787-1 | 100000/- | 04/11/2024 | समय-05:30 सांय |

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
|---|---|---|---|
| नपा परिषद, मंदसौर | नपा परिषद, मंदसौर | नपा परिषद, मंदसौर | नपा परिषद, मंदसौर |

## उप मुख्यमंत्री आज मेडिकल कालेज लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे



**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा 29 अक्टूबर को मंदसौर आएंगे।तय कार्यक्रम अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा प्रात: 11:25 बजे नीमच से प्रस्थान कर 11:40 बजे मंदसौर आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मेडिकल कॉलेज शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## प्रभारी मंत्री आज मेडिकल कालेज लोकार्पण कार्यक्रम में होगी शामिल



**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 29 अक्टूबर को मंदसौरआएगी। तय कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मेडिकल कॉलेज शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार 29 अक्टूबर को मंदसौर आयेगें। तय कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री परमार प्रात: 8.30 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस मंदसौर आएंगे। दोहपर 12 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मेडिकल कॉलेज कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे जिले के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के अधिकारियों से चर्चा करेंगे। सायं 5 बजे मंदसौर से प्रस्थान करेंगे।



### धनतेरस पर मंदसौर, नीमच संसदीय क्षेत्र मनाएगा विकासोत्सव...

# प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री यादव करेंगे लोकार्पण

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आजाद भारत के पश्चात पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी सरकार ने संसदीय क्षेत्र को ऐतिहासिक विकास की सौगातें दी। मंदसौर पहले कृषि क्षेत्र के नाम से ही जाना जाता था परंतु जब मोदी सरकार ने क्षेत्र में ऐतिहासिक शिक्षा की सुविधा स्वीकृत की तो संसदीय क्षेत्र भारत के नक्शे पर कृषि और सड़क के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी जाना जाएगा। और हमारा संसदीय क्षेत्र दीपोत्सव के साथ विकास उत्सव भी मनाएगा।

भावी पीढ़ी के लिए उच्च शिक्षा की कल्पना को आंखों में संजोय सांसद सुधीर गुप्ता ने यह ऐतिहासिक पहल की जब पहली बार लोकसभा में 1 दिसंबर 2015 को अपने पहले कार्यकाल में प्रश्न काल के दौरान मंदसौर-नीमच में चिकित्सा सुविधाओं को लेकर जब ध्यान आकर्षित किया और बताया कि किस तरह से यहां के अस्वस्थ व्यक्ति को लेकर परिजन राजस्थान और गुजरात की ओर जाते हैं। उन्हें किन-किन असुविधाओं का सामना करना पड़ता है तो इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता को उन्होंने सदन को बताया। मेडिकल कॉलेज के लिए मध्य प्रदेश में पांच स्थान चिन्हित किए गए थे और केंद्र की योजना के अनुसार संसदीय क्षेत्र उसे कवर नहीं करता। परंतु सांसद गुप्ता के संकल्पित जुनून ने 17 जुलाई 2019 को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन से मिलकर पुन: एक पत्र सोपा जिसमें संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अपना पक्ष रखा जिस पर तत्कालीन मंत्री ने पूरा भरोसा दिया और आखिर 19 नवंबर 2019 को केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी उस पत्र में संसदीय क्षेत्र के ऐतिहासिक शिक्षा के विकास पर मोहर लगी। जिसमें मंदसौर और नीमच दोनों जगह मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्रदान की गई और यह देश का पहला ऐसा संसदीय क्षेत्र बना जिसके तीनों जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा उपलब्ध हुई। उन्होने बताया कि मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के कर कमलो द्वारा हो रहा है। सांसद सुधीर गुप्ता ने इस ऐतिहासिक विकास की सफलता के लिए केंद्र की मोदी सरकार व तत्कालीन शिवराज सरकार और वर्तमान में मोहन सरकार को संसदीय क्षेत्र की जनता की तरफ से हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि इस ऐतिहासिक विकास की सफलता से आज हमारा संसदीय क्षेत्र दीपोत्सव और विकास उत्सव दोनों संयुक्त रूप से मनाएगी और संसदीय क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी संसदीय क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इसके लिए भी वह प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से लगातार संपर्क में है। आज इस मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ पर मैं क्षेत्र की जनता को बधाई देता हूं और कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार है आगे भी विकास के नए आयाम लिखेगी क्षेत्र की जनता और युवाओं के भविष्य में ऐतिहासिक विकास पंख लगेंगे।



## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने तीन संस्थानों से लिए सेम्पल

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 28 अक्टूबर सोमवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर नगर के तीन प्रमुख मिठाई संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 28 अक्टूबर सोमवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर नगर के दाताराम हलवाई से काजु कतली, प्रेम हलवाई से खोपरा एवं बादाम कतली और मुरली स्वीट्स राजु हलवाई से मिल्क केक के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

# तालाब में हाथ पैर बंधे मिला युवक

## कुछ लोगों ने धमकाया था, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रविवार- सोमवार की दरमियानी रात पिपलया मंडी के ग्राम सूपड़ा निवासी रामचन्द्र पिता नानुराम मेघवाल गांव के तालाब किनारे संदिग्ध अवस्था मे बेहोश मिला। घायल के हाथ पैर रस्सी से बंधे थे और शरीर पर चोटों के निशान थे। पिपलिया मंडी पुलिस की सहायता से घायल को स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में लेनदेन का विवाद सामने आया है।

मल्हारगढ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि घायल के भतीजे ने शिकायत दर्ज करवाई की उसके अंकल रामचंद्र मेघवाल (52) सुबह घर से खेत पर जाने के लिए निकले थे। रात 8 बजे तक वापस घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश करना शुरू किया। खेत के पास तालाब किनारे उनकी बाइक पड़ी थी। कुछ दूरी पर वे घायल अवस्था मे पड़े थे, उनके हाथ पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह पर कपड़ा बंधा था।परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की सहायता से घायल को पिपलिया मंडी स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बड़े अस्पताल रेफर किया गया। घायल की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

**दो दिन पहले मिली थी धमकी-** पुलिस ने मामले में गांव के चमनलाल पिता राधेश्याम पाटीदार को गिरफ्तार किया है। घायल के परिजनों ने आरोपी पर जान से मारने की नीयत की शंका जताई थी। परिजनों के अनुसार, आरोपी राधेश्याम से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। दो दिन पहले आरोपी ने फोन पर हत्या करने की धमकी दी थी। परिजनों के मुताबिक आरोपी और उसके साथियों ने मिलकर रामचंद्र को जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की और हाथ पैर बांध कर तालाब में फेंक दिया। घायल किसी तरह रेंगते हुआ तालाब के बाहर आ गया। हालांकि घायल के बातचीत की अवस्था मे आने के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आ सकती है।

## पिकअप रिवर्स लेने पर टेम्पो क्षतिग्रस्त, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रिवर्स लेने के दौरान पिकअप से टकराकद टेम्पो क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया। खानुपरा निवासी हेमन्त पिता रतनलाल जैन ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बही टोल के पास मैं टेम्पो एमपी 14 एलसी 0414 लेकर खड़ा था। इसी दौरान पिकअप एमपी 14 जीसी 2202 के ड्राइवर ने अचानक पिकअप को पीछे रिवर्स ले लिया, जिससे टेम्पो क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप ड्राइवर ने गाली-गलौज भी की। पुलिस ने केस दर्ज किया।



## दीवाली विद माय भारत के अंतर्गत स्वच्छता कर लोगों को किया जागरूक

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर मंदसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वॉलंटियर्स द्वारा युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर दिवाली विद माय भारत थीम के अंतर्गत श्रीकोल चौराहे से पी.जी. कॉलेज ग्राउंड तक रोड के दोनों ओर बाजार में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक कचरा बीन कर व गाजर घास उखाड़कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम 28 से 30 अक्टूबर तक प्राचार्य डॉ. सी. गुप्ता के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य के नेतृत्व में संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार आर्य ने कहा है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, यातायात जागरुकता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है, ताकि नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और आनंदमय दिवाली का अनुभव हो सके। अगले दो दिनों में स्वयंसेवक 'सेवा से सीखें' के अंतर्गत अस्पताल कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय मंदसौर में विशेष कार्यक्रम के तहत वॉलंटियर्स मरीजों के साथ समय बिताएंगे और उनकी सेवा करेंगे। वहीं 30 अक्टूबर को ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से यातायात प्रबन्धन में स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्वच्छता अभियान से पूर्व स्वयंसेवकों ने रंगोली बनाकर व स्वच्छता रैली निकलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता, डॉ. राजेश सकवार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य, अशोक धनोतिया पर्यावरणविद व बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कुएं में मिला महिला का शव

**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के गांव दलपतपुरा में सोमवार सुबह एक महिला का शव कुएं में ग्रामीणों ने देखा। घटना की सूचना पर जीरन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पंचनामा बनाकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बड़े अस्पताल भेजा गया। बताया गया हैं की मृतक महिला दुर्गा बाई पति राजू भील (30) साल निवासी सरवानिया महाराज बीते कुछ दिनों से पति से विवाद के चलते सुसराल छोड़कर मायके में रह रही थी। बीते 4 दिन से वह मायके दलपतपुरा से भी लापता थी। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन महिला को किसी का फोन आया था। वह कह कर गई थी कि मैं आ रही हूं। इसी दिन से गायब थी। इस दौरान परिजनों ने उसे फोन भी लगाया। लेकिन, फोन नहीं लगा था। इस बारे में जीरन थाना पुलिस में भी परिजनों के ओर से गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। वहीं सोमवार सुबह गांव दलपतपुरा के अंबालाल भील नामक व्यक्ति के कुएं में महिला का शव दिखाई दिया। सूचना पर पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची। कुएं से महिला के शव को निकालाऔर बड़े अस्पताल भेजा।

# छलावा साबित हुई योजना

## श्रमिकों के बच्चों को नहीं मिली छूट, माशिमं ने विकल्प ही नहीं दिया, योजना का नहीं मिला फायदा

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। सरकार ने संबल योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मप्र बोर्ड 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षा शुल्क से छूट दी थी। इसके तहत मंदसौर सहित प्रदेश में दो लाख विद्यार्थयों को फायदा होना था। लेकिन, माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने परीक्षा शुल्क लेते समय छूट का कोई विकल्प ही नहीं दिया। इस कारण विद्यार्थियों को पूरी फीस भरनी पड़ी।**

आवेदन करने की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू हुई थी। अभी तक 30 सितंबर सामान्य शुल्क के साथ अंतिम तिथि समाप्त हुई। 25 अक्टूबर को विलंब शुल्क 100 रुपये के साथ फार्म भरने की अंतिम तिथि थी। ऐसे विद्यार्थियों को भी पूरा शुल्क भरना पड़ा है। विभाग अभी तक शुल्क वापस करने की भी कोई व्यस्था नहीं बना पाया है। इन विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क के रूप में करीब 25 करोड की राशि माशिमं के खाते में पहुंची है। पिछले साल जब आवेदन किए जा रहे थे, तभी शुल्क में छूट का विकल्प दिया गया था। बता दें कि प्रदेश से करीब 18 लाख विद्यार्थी 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। एक विद्यार्थी का परीक्षा शुल्क 1250 रुपये लिए जाता हैं।


**अंतिम तिथि से पांच दिन पहले दिया विकल्प-** संबल योजना के तहत आने वाले विद्यार्थयों को पहले तीन माह तक छूट नहीं दी गई। प्रदेश में इनकी संख्या करीब ढाई लाख है, लेकिन जब प्रक्रिया शुरू हुई उस समय फीस में छूट का विकल्प नहीं दिया गया। योजना में आने वाले दो लाख विद्यार्थियों को फीस के आवेदन जमा करने पड़े। फीस में छूट का आप्शन फार्म जमा करने की अंतिम तारीख के कुछ दिन पहले 25 सितंबर को खोला गया। ऐसे में कुछ ही फायदा ले पाए। अब विद्यार्थी विलंब शुल्क दो हजार रुपये के लिए 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## अवैध शराब सहित 8 धराए

**पिपलियामंडी, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध शराब के साथ 8 आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने 10-10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ कोटड़ा बहादूर निवासी मुकेश पिता रमेश को, कचनारी निवासी नेहा पति राहुल को, 40 क्वार्टर के साथ बासखेड़ी निवासी गोविन्द पिता मोहनलाल को, 20 क्वार्टर के साथ भील्याखेड़ी निवासी रामनारायण पिता शंकरलाल को, 17 क्वार्टर के साथ मोतीपुरा निवासी जगदीश पिता करमा को, 16 क्वार्टर के साथ विशनिया निवासी मदनलाल पिता भेरुलाल को, 15 क्वार्टर के साथ भाटखेड़ी निवासी जाहिर पिता उस्मान को, 14 क्वार्टर के साथ पित्याखेड़ी निवासी भंवरसिंह पिता प्रेमसिंह को पकड़ा। आरोपियों पर आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।


# शा. महाविद्यालय मंदसौर की जमीन पर कतिपय लोगों ने किया कब्जे का प्रयास, चंदवानी पहुंचे मौके पर

## मामले में जनभागीदारी अध्यक्ष एवं स्टाफ आज मुख्यमंत्री को देंगे ज्ञापन



**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शासकीय पीजी कॉलेज की बेशकीमती जमीन अफीम गोदाम रोड महिला मंडल स्कूल के सामने से लेकर बीएसएनएल ऑफिस तक हैं जिस पर कुछ कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है और इसे बेचने का प्लान बना रहे है। सोमवार को अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा जमीन पर कब्जा कर निर्माण करने का प्रयास किया गया जिसकी जानकारी लगते ही प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी मौके पर पहुंचे और अतिक्रमणकर्ताओं से स्पष्ट कहा कि यह जमीन कॉलेज की है इस पर किसी प्रकार का कब्जा न करें। जानकारी कॉलेज के विद्यार्थियों को भी लगी और कॉलेज में अध्यन करने वाले विद्यार्थी भी मौके पर पहुंचे और अतिक्रमणकर्ताओं का विरोध किया। जिन्हें जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने शांत करवाया।

जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश चंदवानी ने बताया कि अफीम गोदाम रोड पर मंदसौर के शासकीय कॉलेज की लगभग 5 बीघा जमीन है जिस पर दो स्थानों पर कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। पूर्व में भी 1 अक्टूबर को जिला योजना समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला जी भूरिया को दस्तावेजों के साथ एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें अतिक्रमण कर्ताओं से कॉलेज की जमीन मुक्त करवाने की मांग की गई थी उसी दौरान प्रभारी मंत्री ने तुरंत कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये थे लेकिन आज दिनांक तक जिला प्रशासन द्वारा इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके कारण अतिक्रमणकर्ताओं के हौंसले बुलंद होने लगे और सोमवार को तो कब्जा करने और निर्माण करने तक आ गये जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया और उन्हें वहां से वापस भेजा गया। अब आज हमारे द्वारा इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव को ज्ञापन दिया जायेंगा।



# त्यौहारों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात

**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला नीमच के उपखण्ड नीमच, जावद, मनासा में धनतेरस, रूपचौदस, दीपावली,गोवर्धन पूजन एवं भाईदूज का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाने हेतु कानून व्यकवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्यपालिक दण्डा धिकारियों की ड्यूटी संबंधित थाना क्षेत्र पर कार्य समाप्ति तक के लिये लगाई गई है। कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जारी आदेशानुसार एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ को सम्पूर्ण नीमच जिले की कानून व्यवस्था का प्रभारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम डॉ.ममता खेडे को सम्पूर्ण अनुभाग नीमच क्षेत्र, एसडीएम जावद श्री राजेश शाह को सम्पूर्ण अनुभाग जावद क्षेत्र, एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया को सम्पूएर्ण अनुभाग मनासा क्षेत्र, प्रभारी तहसीलदार श्री संजय मालवीय एवं नायब तहसीलदार श्रीमती जागृति जाट को नीमच केंट क्षेत्र, तहसीलदार श्री प्रेमशंकर पटेल को थाना नीमच सिटी क्षेत्र, नायब तहसीलदार सुश्री कविता कडेला को थाना बघाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार श्री नवीन गर्ग को थाना जीरन क्षेत्र , प्रभारी तहसीलदार श्री बालकृष्णत मकवाना को थाना मनासा क्षेत्र , मुकेश निगम को थाना रामपुरा क्षेत्रमें कानून व्यसवस्थार हेतु तैनात किया गया है।

## फोटो निर्वाचक नामावली प्ररूप प्रकाशन के संबंध में बैठक आज

**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत 29 अक्टूनबर 2024 को फोटो निर्वाचक नामावली का प्ररूप प्रकाशन किया जाना है। फोटो निर्वाचक नामावली प्ररूप प्रकाशन के संबंध में 29 अक्टूाबर 2024 को अपरान्हफ 3 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू ने मान्यकता प्राप्तज राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्षों को बैठक से उपस्थित होने का आगृह किया है।

## अपर कलेक्टर ने किया सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान



**नीमच, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के विभिन्न विभागों से अगस्त, सितम्बर 2024 माह में सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सोमवार को जिला पेंशन कार्यालय नीमच द्वारा आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड द्वारा जिले के सेवानिवृत हुए सभी शासकीय सेवकों का पुष्पहार पहनाकर एवं शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर जिला पेंशन अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत ने सभी पेंशनर्स को जीपीओ पेंशन भुगतान पत्र प्रदान किए। इस मौके पर पेंशन कार्यालय के श्री राजू मैहर, पेंशनर संघ के श्री राधेश्यापम पुरोहित, के.के.कर्णिक, श्रीमती हेमलता धाकड एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा पेंशनर्स एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस ने तैयार किया प्लान आज से यातायात व्यवस्था में बदलाव

**मंदसौर, 28 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली पर बाजार में यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस ने प्लान तैयार किया है। पुलिस ने बताया कि दिवाली के पूर्व शहर के मुख्य बाजारों में ग्राहकों तथा वाहनों की बढ़ रही संख्या को देखते हुए, ग्राहकों तथा व्यापारियों की सुविधा के लिए मंगलवार 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक निम्न व्यवस्था प्रभावशील रहेगी। जिसमें कालिदास मार्ग, घंटाघर, सदर बाजार क्षेत्र में तीन पहिया, ऑटो रिक्शा तथा चार पहिया वाहन प्रात: 10:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। व्यापारियो की सुविधा और परिस्थितिअनुसार माल लाने ले जाने वाले छोटे पिकअप वाहन छोड़े जा सकते हैं। पुलिस ने व्यापारियो से अनुरोध है कि अपनी दुकान पर माल अनलोड सुबह 10 बजे से पूर्व अथवा रात्रि 9 बजे पश्चात करवाये। भारत माता चौराहा, अर्जुन चाट दुकान, परंपरा ज्वेलर्स, शुक्ला चौक, जगतपुरा चौराहा, प्रतापगढ़ पुलिया, कालिका माता मंदिर आदि स्थानों से सदर बाजार, सम्राट मार्केट, कालिदास मार्ग की ओर जाने वाले तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन डाइवर्ट किए जाएंगे। पार्किंग- कालिदास मार्ग या कोतवाली थाने के सामने स्थित पुराना डिपो मैदान पर बाजार में आने वाले दो पहिया वाहन ग्राहक पार्किंग हेतु खड़े कर सकते हैं। दुकानों के सामने दो पहिया वाहन खड़े न करें तथा पुराना डिपो मैदान का पार्किंग हेतु उपयोग करें। संपूर्ण शहर में ग्राहकों की विभिन्न दुकानों तक सुलभ पहुंच को ध्यान में रखते हुए समस्त बाजार क्षेत्र में दोपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिदिन की भांति जारी रहेगा।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./मंदसौर/र.नि./सूबे./3334/2024 दिनांक-25.10.2024

**✻✻ द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति ✻✻**

जिला मंदसौर में वित्तीय वर्ष 2024-25 विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण अंतर्गत निम्न मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन द्वितीय खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.MPTenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। मरम्मत कार्यों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना अजाक प्रशासकीय भवन की विशेष मरम्मत | 2,35,172/- | 7,055/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |
| 2 | सी.सी.टी.एन.एस. प्रशासकीय भवन की विशेष मरम्मत | 2,17,308/- | 6,519/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |
| 3 | चौकी साताखेड़ी प्रशासकीय भवन की विशेष मरम्मत | 3,03,406/- | 9,102/- | 30 दिवस | पुलिस अधीक्षक मंदसौर |

समय सारणी

| क्रं. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 28.10.2024 के 12.00 बजे से |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 29.10.2024 के 10.00 बजे से |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 04.11.2024 के 17.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की दिनांक | 06.11.2024 के 11.00 बजे |

अत: उपरोक्त मरम्मत कार्यों के पृथक-पृथक द्वितीय टेण्डर www.MPTenders.gov.in की वेबसाईड पर प्रसारित किये गये है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी के लिए समस्त दस्तावेज, निविदा शर्ते उक्त वेबसाईड एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन मंदसौर से प्राप्त कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक
जिला मंदसौर

G-18313/24 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in